| |
|---|
| दिनांक 15.08.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 16/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## स्वतंत्रता दिवस–2023 के अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया ध्वजारोहण

श्री विजय कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा आज दिनांक 15.08.2023 को पुलिस मुख्यालय गोमती नगर विस्तार के प्रांगण में **स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए मुख्यालय में नियुक्त निम्न पुलिस कार्मिकों को पदक से अलंकृत किया गया :–

**'उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री जय प्रकाश सिंह, उ0नि0, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय लखनऊ।
2. श्री फूलचन्द गुप्ता, मु0आ0 चालक, तकनीकी सेवायें, लखनऊ।

**'सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह'**

1. श्री जीत बहादुर सिंह, उ0नि0 ना0पु0, प्रशासन शाखा, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।
2. श्री राजेश प्रताप सिंह, मु0आ0, भ्रष्टाचार निवारण संगठन, लखनऊ।

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (प्लेटिनम)**

1. श्री शशिकान्त, पुलिस अधीक्षक, लोक शिकायत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ।
2. श्री पुर्णेन्दु सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक/स्टाफ आफीसर, विशेष पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड)**

1. श्री सत्यार्थ अनिरूद्ध पंकज, पुलिस अधीक्षक स्थापना, उ0प्र0 लखनऊ।
2. श्री राजधारी चौरसिया, पुलिस अधीक्षक, ईओडब्ल्यू, उ0प्र0 लखनऊ।

**'पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर)**

1. श्री सुरेश चन्द्र, निरीक्षक(लिपिक) (लॉजिस्टिक) मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0।
2. श्री मो0गौस, आरक्षी चालक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।

इसके उपरान्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा लखनऊ स्थित पुलिस इकाईयों के अराजपत्रित पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह एवं पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह प्राप्त करने वाले कार्मिकों को अलंकृत किया गया ।

**पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा गया कि :–**

प्रिय साथियों,

आज **स्वतंत्रता दिवस** के अवसर पर मैं आप सबको एवं प्रदेश के सभी पुलिस जनों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

इस अवसर पर 12 पुलिस कार्मिकों को वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 06 पुलिस कार्मिकों को विशिष्ट सेवा के लिये पुलिस पदक, 71 पुलिस कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिये पुलिस पदक, 1154 पुलिस कार्मिकों को गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 941 पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 04 पुलिस कार्मिकों को उच्च श्रेणी के साहसिक कार्य के लिये मा0 मुख्यमंत्री का वीरता पदक, 17 पुलिस कार्मिकों को प्रशस्त्रि पत्र, 10 पुलिस कार्मिको को मा0 गृहमंत्री भारत सरकार उत्कृष्ट विवेचना पदक, 40 पुलिस कार्मिकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, 204 पुलिस कार्मिकों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, 429 पुलिस कार्मिकों को पुलिस महानिदेशक का हीरक, स्वर्ण एवं रजत प्रशंसा चिन्ह प्रदान किये गये हैं। इन सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई।

15 अगस्त 1947 भारतीय इतिहास का गौरवपूर्ण दिन था। आज ही के दिन हमारा राष्ट्र ब्रिटिश शासन से मुक्त हुआ और एक स्वतंत्र राष्ट्र बना। यह दिन आजादी के लिये अपना बलिदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करने का दिन है। आज का दिन हमें राष्ट्रगौरव एवं आत्माभिमान की अनुभूति कराता है।

**मा0 मुख्यमंत्री जी** के निर्देशानुसार **अपराध एवं भ्रष्टाचार के विरूद्व जीरो टॉलरेंस की नीति** के तहत् उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश को अपराध मुक्त करते हुये एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण किया है। प्रदेश में अपराधों के शत–प्रतिशत पंजीकरण एवं अपराधों पर प्रभावी नियत्रंण से प्रदेश में विकास का माहौल बनने के साथ–साथ जनमानस में पुलिस की छवि मित्र पुलिस के रूप में स्थापित हुयी है एवं जनविश्वास में बढ़ोत्तरी हुयी है। **माफियाओं व आपराधिक तत्वों** के विरूद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप अपराध दर में अत्यधिक कमी आयी है।

पूरे प्रदेश में विभिन्न आपरेशनों के तहत जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए पुलिस एवं अभियोजन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर न्यूनतम समय में कठोर सजा दिलायी जा रही है। ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत अब तक 471 मामलों में सजा दिलाई जा चुकी है, जिनमे 03 अभियोगों मे मृत्युदण्ड एवं 149 अभियोगों मे आजीवन कारावास की सजा कराई गई है। इस कार्यवाही से अपराधियों में भय व्याप्त होगा।

**मा0 मुख्यमंत्री महोदय** के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे **'मिशन–शक्ति'** अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के थानों पर महिला बीट आरक्षी एवं महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। प्रदेश के 1518 थानों में कुल–15130 महिला पुलिस कार्मिकों को नियुक्त करते हुये 10378 महिला बीटों का आवंटन किया गया है। पुलिस आवास निगम द्वारा प्रदेश के 1190 थानों पर महिला पिंक टॉयलेट निर्माणाधीन है।

**मा0 मुख्यमंत्री जी** की **सेफ सिटी परियोजना** को मूर्तरूप देने के लिये प्रदेश भर में **ऑपरेशन त्रिनेत्र** प्रारम्भ किया गया। प्रदेश के महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं दिव्यांगजनों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों, संवेदनशील स्थानों, हॉटस्पॉट, बैंक, स्कूल, कॉलेज, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, धार्मिक स्थल, मोबाइल टॉवर, पेट्रोल पम्प, होटल/ढाबा आदि स्थानों पर **सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापन** की कार्यवाही की जा रही है। सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन से अपराधों में कमी होगी साथ ही अपराधों के शीघ्र अनावरण में मदद होगी।

**साइबर अपराध** की रोकथाम हेतु परिक्षेत्रीय स्तर पर 18 साइबर क्राइम थानों की स्थापना की गयी है तथा 57 जनपदीय मुख्यालयों पर साइबर क्राइम थानों की स्थापना की कार्यवाही की जा रही है। साइबर थानों द्वारा अब तक धोखाधड़ी द्वारा हड़पे गये लगभग 5,569 करोड़ रू0 की धनराशि संबंधित बैंकों में फ्रीज/होल्ड करायी गयी है। विवेचनाओं की गुणवत्ता में वृद्धि लाने एवं आधुनिकतम तकनीक से दक्ष वैज्ञानिकों को तैयार करने के उद्देश्य से **उ0प्र0 राज्य फारेन्सिक विज्ञान संस्थान** की स्थापना लखनऊ में की गयी है, जिसका लोकार्पण **मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 महोदय** द्वारा आने वाले दिनो में किया जाना प्रस्तावित है।

कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये रखने हेतु विगत वर्षो में **उत्तर प्रदेश शासन** द्वारा विभिन्न कमिश्नरेट/जनपदों में 160 नये थाने, 116 नयी चौकियां, 09 नये महिला थाने, 04 नये अपराध इकाई थाना, 16 नये साइबर क्राइम थाना, 06 नारकोटिक्स थाना, 10 नये सतर्कता अधिष्ठान शाखा, 90 नये अग्निशमन केन्द्र, 04 जल पुलिस चौकियां, 75 विद्युत निरोधक पुलिस थानों की स्थापना की गयी है।

**मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन** में पुलिस बल को और बेहतर, सक्षम एवं मजबूत बनाने के लिये गत वर्ष में उच्च मापदंडो के साथ **निष्पक्ष एवं पारदर्शी पुलिस भर्ती प्रकिया** द्वारा 697 आरक्षी एवं समकक्ष, 9,071 उपनिरीक्षक एवं समकक्ष, 1,192 लिपिक वर्ग की भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कुशलता के साथ की गयी है। इसके अतिरिक्त 29,467 आरक्षियों को मुख्य आरक्षी, 5,677 मुख्य आरक्षियों को उपनिरीक्षक, 353 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक, 32 आरक्षी चालकों को मुख्य आरक्षी एम0टी0 व 268 लिपिक संवर्ग के पदों पर प्रोन्नतियां प्रदान की गयी है। उत्तर प्रदेश पुलिस के **इतिहास में प्रथम बार** पुलिस विभाग में 227 आरक्षी **(कुशल खिलाड़ी)** के रूप में सीधी भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करायी गयी है।

आज इस पावन अवसर पर मैं आप सभी को बधाई देते हुये यह भी स्मरण कराना चाहता हूँ कि हमारे अगणित देशभक्तों तथा अमर बलिदानियों ने जीवन भर संघर्ष करके जो स्वाधीनता हासिल की थी, उसकी रक्षा करते हुये आर्थिक–सामाजिक स्वाधीनता लाने का दायित्व नई पीढ़ी पर है।

मैं अपेक्षा करता हूँ आप **देश की एकता, अखंडता तथा सम्प्रभुता को अक्षुण्ण** बनाये रखने में उपलब्ध संसाधनों एवं जनशक्ति का सदुपयोग करते हुये जनता की सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहेंगे और **कठिन परिश्रम, निष्ठा ईमानदारी और उत्तम आचरण** से पुलिस की छवि जनता में उज्जवल बनाने के प्रति अग्रसर होंगे।

मैं पुनः आप सभी को **स्वतंत्रता दिवस** के पुनीत अवसर पर अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

जय हिन्द!













